<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में "बालिका सुरक्षा अभियान" "कवच" कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 22/07/2019 को सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित महिला एवं बाल विकास अनुभाग 3 लखनऊ द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की ओर सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान जुलाई अभियान कवच के माध्यम से बालिकाओं को जागरुक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेरठ शहर के डी0 एम0 श्री अनिल ढींगरा रहे। अन्य अतिथियों में सी0 ओ0 सदर थाना, तथा श्रीमती संगीता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में प्राइमरी सेक्शन के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा ईश वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने महिला एवं बालिका सुरक्षा कार्यक्रम "कवच" की विशेषताओं, योजना तथा कार्यशैली पर प्रकाश डाला। डी0एम0 श्री अनिल ढींगरा ने कार्यक्रम में कहा कि हम बच्चे की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं। बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए शारीरिक रूप से मजबूत बनने के साथ साथ मानसिक रूप से भी सुदृढ़ होना चाहिए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार रखें। सभी ने बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने को प्रेरित किया। अभिभावकों तथा शिक्षकों को भी इस अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका में रहने की प्रेरणा दी तथा विद्यालय प्रशासन की भी बालिकाओं के लिए संचालित इस अभियान में एक विशेष भूमिका निभाने की सलाह दी। सेंट जॉन्स स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती चंद्रलेखा जैन ने सरकार द्वारा संचालित इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा कहा की सेंट जॉन्स समय-समय पर अपनी छात्राओं के लिए गोष्ठियों तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने भी बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का संचालन सिद्धि बंसल ने किया, एक नारी पर आधारित सुंदर कविता का वाचन भी किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 100 पर फोन करने को कहा।